पंजीयन व मुद्रांक, खनन, आबकारी सहित विभागों से राजस्व जुटाने की जानकारी ली

बीकानेर,(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने राजस्व अर्जन वाले विभागों को पूर्ण गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व वसूली से संबंधित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्व अर्जन से संबंधित मामलों में किसी तरह की लापरवाही नहीं हो। नियमों की पालना के साथ शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित की जाए।

जिला कलेक्टर ने पंजीयन व मुद्रांक, परिवहन, खनन, आबकारी, वाणिज्य कर सहित अन्य विभागों द्वारा राजस्व अर्जन की जानकारी ली। इस दौरान बकाया चल रही पुरानी वसूली करने की कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। अवैध शराब की बिक्री पर प्रतिबंध और 8 बजे बाद खुली शराब की दुकानों पर कार्यवाही जारी रखने को कहा।

बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व वसूली से संबंधित अधिकारियों की बैठक को संबोधित किया।

- बकाया चल रही पुरानी वसूली करने की कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए
- कलेक्टर ने अवैध शराब की बिक्री पर प्रतिबंध और 8 बजे बाद खुली शराब की दुकानों पर कार्रवाई जारी रखने को कहा

बैठक में जिला आबकारी अधिकारी डॉ रश्मि जैन, जिला परिवहन अधिकारी भारती नैथानी, पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग डीआईजी स्टाम्प मनीषा लेघा, वाणिज्य कर विभाग सहायक आयुक्त चित्रा सिंह, खनन विभाग वरिष्ठ प्रारूपकार जयपाल अरोड़ा उपस्थित रहे। इससे पूर्व कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव ने समस्त विभागों की जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, लक्ष्यों, आवेदनों की स्थिति, सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं पालनहार योजना की प्रगति, ई- फाइल के औसत निस्तारण, पशुधन आरोग्य योजना में औषधियों का वितरण, संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों के निस्तारण तथा विभागीय प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मिशन सुरक्षित स्कूल के तहत मूलभूत सुविधाओं से वंचित विद्यालयों को विकसित करने हेतु विद्युत, जलदाय विभाग, जिला परिषद सहित अन्य संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें।

स्कूलों में विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं संरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कार्य करने को कहा। स्वास्थ्य एवं श्रम विभाग को आपसी समन्वय से निर्माण श्रमिकों को प्रसूति सहायता योजना से लाभान्वित करने के लिए प्रचार-प्रसार किया जाए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश गुप्ता, सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल.डी पवार, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश पुरोहित सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

श्रीगंगानगर। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार अर्हता 1 जनवरी के संदर्भ में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम रोल पर्यवेक्षक व संभागीय आयुक्त विभिन्न विधानसभाओं का दौरा करेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीना ने बताया कि संभागीय आयुक्त 13 नवम्बर को दोपहर 2 बजे विधानसभा क्षेत्र सूरतगढ़ में, सायं 4 बजे विधानसभा क्षेत्र गंगानगर में, 14 नवम्बर को प्रातः 10.30 बजे विधानसभा करणपुर, दोपहर 12 बजे विधानसभा रायसिंहनगर तथा इसी दिन दोपहर 2 बजे विधानसभा क्षेत्र अनूपगढ़ का दौरा करेंगे।

रसोई गैस सब्सिडी के लिए सीडिंग जरूरी

बीकानेर, (कासं)। एनएफएसए लाभार्थियों को रसोई गैस सब्सिडी के लिए 5 से 30 नवम्बर तक एलपीजी आईडी की सीडिंग करवानी होगी।

रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजनान्तर्गत जरूरतमंद परिवारों की महिलाओं को संबल प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री उज्जवला योजना तथा बीपीएल श्रेणी के परिवारों को 450 रूपए में एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाया जा रहा है। बजट घोषणा 2024-25 से इसका दायरा बढाते हुए एनएफएसए के लाभार्थियों को 450 रूपए में एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए जायेंगे।

जिला रसद अधिकारी भागुराम महला ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थी परिवारों को एलपीजी गैस सिलेंडर 450 रूपए में प्राप्त करने के लिए एनएफएसए राशन कार्ड के सभी सदस्यों के आधार एवं परिवार में उपलब्ध समस्त एलपीजी आईडी की सीडिंग करवाया जाना अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि सीडिंग के लिए संबंधित उपभोक्ता को 5 से 30 नवंबर 2024 तक नजदीकी उचित मूल्य दुकान पर जाकर पोस मशीन के माध्यम से प्रत्येक एनएफएस परिवार के समस्त सदस्यों के आधार नंबर की सीडिंग, ई-केवाईसी तथा करवाई जानी है। यह 17 अंकों की आईडी संबंधित गैस एजेंसी की ओर से जारी बिल वाउचर में प्रदर्शित है।

सार-समाचार

बाबा दीपसिंह द्वार का लोकार्पण

हनुमानगढ़, (कासं)। जंक्शन में वार्ड 10, 11 और 13 की सीमा पर अम्बेडकर चौक के पास निर्मित शहीद बाबा दीपसिंह द्वार का लोकार्पण सोमवार को विधायक गणेश राज बंसल, नगर परिषद सभापति सुमित रणवां और निजी कॉलेज एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण विजय ने किया। लोकार्पण से पहले अरदास की गई। शहीद बाबा दीपसिंह गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी की मांग पर नगर परिषद की ओर से करीब 30 लाख रूपए की लागत से शहीद बाबा दीपसिंह के नाम से भव्य द्वार का निर्माण करवाया गया है। इसके अलावा द्वार का सौन्दर्यकरण अन्य दानवीरों के सहयोग से किया गया है। करीब तीन महीने में यह द्वार बनकर तैयार हुआ है। इस मौके पर विधायक गणेश राज बंसल ने कहा कि यह द्वार क्षेत्रवासियों को शहीद बाबा दीपसिंह की शहीदी की याद दिलाता रहेगा। नगर परिषद सभापति सुमित रणवां ने बताया कि शहीद बाबा दीपसिंह गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से पिछले करीब दो-तीन साल से शहीद बाबा दीपसिंह के नाम से द्वार का निर्माण करवाने की मांग की जा रही थी, लेकिन जगह के अभाव में और इसे किस रोड पर बनाया जाए। इसको लेकर कशमकश चली। लेकिन विधायक गणेश राज बंसल की दूरदर्शिता से द्वार निर्माण के लिए जगह तय हुई। पहले अम्बेडकर सर्किल से सड़क का चौड़ाईकरण कार्य किया गया। सड़क के बीच डिवाइडर का निर्माण करवाया गया। उसके बाद इस जगह शहीद बाबा दीपसिंह द्वार का निर्माण किया गया है। उन्होंने गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी से कहा कि यह हमारी ऐतिहासिक धरोहर है। इस ऐतिहासिक धरोहर की समय-समय पर देखरेख हो। इसी तरह इस रोड की भव्यता को बनाकर रखें। पार्षद बलराज सिंह दानेवालिया ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। आज के दिन महापुरूष शहीद बाबा दीपसिंह द्वार का लोकार्पण हुआ है। यह भव्य द्वार अपने आप में मिसाल है। इस मौके पर नगर परिषद आयुक्त सुरेन्द्र यादव, गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष जरनैल सिंह, पूर्व उपसभापति नगीना बाई, पार्षद परविन्द्र कौर, सुलोचना देवी, गुरदीप सिंह बराड़, कौरसिंह खोसा, सुनील अमलानी, सिंगाराम, रमेश कण्डा, पार्षद प्रतिनिधि मनोज बड़सीवाल, अशोक गोरी, रमजान खान, जगदीप सिंह, नारायण नायक, निरंजन नायक, रविन्द्रपाल सिंह, आत्मासिंह, देवेन्द्र सिंह, अमृतपाल सिंह, रामनिवास, सुखविन्द्र सिंह, बलविन्द्र सिंह, बलदेव सिंह, जोगिन्द्रसिंह, गुरमीत सिंह, रमेश, बलजिन्द्र सिंह, थानासिंह, सुरेन्द्र अरोड़ा, लखवीर सिंह, जसकरण सिंह, मलकीत सिंह, युधिष्ठिर, भूपेन्द्र नेहरा, परविन्द्र सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

लापता बच्चे को पुलिस ने दस्तयाब किया

खेतड़ी, (निसं)। मेहाडा थाना क्षेत्र के बांसियाल गांव से चार दिन पहले लापता हुए बच्चे को पुलिस ने सोमवार को दस्तयाब कर लिया। पुलिस ने बच्चे को दिल्ली के रेलवे स्टेशन से बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। थानाधिकारी सरदारमल चौधरी ने बताया कि बांसियाल निवासी सत्येंद्र ने एक नवंबर को थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दी कि उसका बेटा नवीन कुमार 28 अक्टूबर को घर से बिना बताए कहीं चला गया। इस दौरान परिजनों ने उसकी काफी तलाश की तथा रिस्तेदारी, पहाड़ी क्षेत्र में खोजने का प्रयास किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। थाने में मामला दर्ज होने के बाद सीकर एसपी भूवन भूषण यादव के निर्देश पर एएसपी गिरधारी लाल शर्मा ने एक विशेष टीम का गठन कर बच्चे का सुराग लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस की टीम ने अपहृत बालक की तलाश में मेहाड़ा जाटुवास, शिमला, निजामपुर के ईंट भट्ठे, होटल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। वहीं हरियाणा के सीमावर्ती क्षेत्रों में संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। इस दौरान पुलिस ने हरियाणा व दिल्ली की स्पेशल टीमों से सम्पर्क कर बच्चे के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि मेहाड़ा थाना क्षेत्र से लापता हुआ बच्चा दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर है। इस दौरान पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तथा बच्चों की जानकारी जुटाकर उसे बरामद कर लिया। पुलिस की टीम ने बच्चे को थाने लाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। थानाधिकारी ने बताया कि बच्चे के लापता होने को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है। इस दौरान कोई भी व्यक्ति यदि इस वारदात में शामिल पाया गया तो उसके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान टीम में थानाधिकारी सरदारमल चौधरी, एएसआई ताराचंद, एचसी हरिराम, सागरमल, कांस्टेबल बनवारीलाल आदि शामिल थे।

गुढ़ा ने हमला बोला

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनूं उप चुनावों में पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढा निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव मैदान में है। उनके निशाने पर लगातार कांग्रेस और ओला परिवार है। बीती रात को ईदगाह मैदान में हुई सभा में भी राजेंद्र सिंह गुढा आक्रामक अंदाज में नजर आए। उन्होंने कहा कि वे तो पूर्व में घोषणा कर चुके थे कि यदि कांग्रेस किसी भी मुसलमान को टिकट देगी तो वे चुनाव नहीं लड़ेंगे। लेकिन ओला परिवार अपनी वंशवाद की राजनीति कर रहा है। अयूब खान जब कांग्रेस से झुंझुनूं के सांसद हुआ करते थे। तो शीशराम ओला ने तिवाड़ी कांग्रेस से चुनाव जीतकर एक मुसलमान को हराने का काम किया। यही नहीं बाद में इसी ओला परिवार ने खुद कांग्रेस की टिकट मुसलमान के हाथ से छीनी। जो मुसलमान पार्लियामेंट में प्रतिनिधित्व करता था। उस पर खुद कब्जा कर दिया। राजेंद्र गुढा का जो भाषण वायरल हो रहा है उसमें गुढा कह रहे हैं कि हमारे सामने रास्ता था, हम भाजपा की सरकार बना सकते थे। लेकिन जिस तरह की सांप्रदायिक सोच, भाई को भाई से लड़ाना। मैं जिंदगी के अंदर भाजपा जैसी सांप्रदायिक पार्टी के अंदर संबंध नहीं रखूंगा। जब तब जिंदा रहूंगा संबंध नहीं रखूंगा। आपको बताना चाह रहा हूं। कांग्रेस पार्टी से चुनाव जीतकर एमएलए बनकर मानेसर जब हमारे बृजेंद्र ओला जी गये थे। नरेंद्र मोदी की गोद में बैठ गए थे। क्या ये गुंडागर्दी नहीं है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा था। ओन द रिकॉर्ड कह रहा हूं। मीडिया के लोग खड़े है। कि इन लोगों ने 15-15 करोड रूपए की पहली किश्त ले ली थी। बृजेंद्र ओला के उपर अशोक गहलोत ने 15 करोड रूपए नरेंद्र मोदी अमित शाह से लेकर अपने घर पर रखने का आरोप लगाया है।

दीया कुमारी आज आएंगी

झुंझुनूं, (निसं)। विधानसभा उप चुनाव को लेकर भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र भांबू के दौरे में जनसैलाब उमड़ रहा है। भांबू के चुनावी दौरे में जनता का भरपूर समर्थन मिलता नजर आ रहा है। इसी क्रम में सोमवार को भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र भांबू ने प्रतापपुरा पंचायत के चारणवास, आदर्श नगर, देसूसर, समसपुर, प्रतापपुरा गांवों से जनसंपर्क कार्यक्रम शुरू किया। देसूसर गांव में आयोजित कार्यक्रम में भांबू का भारी संख्या में ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

राजीनामा के लिए पार्षद ने प्राइवेट पार्ट पर चोटें मारी

श्रीगंगानगर, (कासं)। पीडित महिला के अनुसार उसके 15 साल के बेटे से आरोपी अक्षय डागला तथा उसके साथियों ने रात को मारपीट की तथा प्राइवेट पार्ट में चोटें मारी। पीडित किशोर की ओर से जवाहर नगर थाने में पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करवाया गया था।

पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट के लिए पीड़िता के बेटे को जिला अस्पताल लेकर गई। लेकिन दीपावली त्योहार के कारण सरकारी छुट्टी की वजह से पीड़ित किशोर को जिला अस्पताल में भर्ती करवा दिया। पीड़ित मां के अनुसार पार्षद अक्षय डागला का पिता कालिया लट्ठू उर्फ मुरारीलाल नायक अपने पुत्रों-इशु डागला व अभिषेक डागला तथा भुट्टो व एक अन्य व्यक्ति के साथ दो नवम्बर को अस्पताल आए।

कालिया लट्ठू ने धमकी दी कि अगर उन्होंने उसके बेटे पार्षद अक्षय डागला के खिलाफ दर्ज करवाये पोक्सो एक्ट के मुकदमे में राजीनामा नहीं किया तो उनको खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा कि अक्षय की जमानत तो कोर्ट से हो जायेगी। इसके बाद तुम लोगों को शहर में नहीं रहने दूंगा। डराकर कार में साथ ले गए।

- पोक्सो एक्ट के मुकदमे में राजीनामा के लिए पार्षद के पिता व भाई पर अपहरण व मारपीट कर दबाव बनाने का आरोप

वह एक नवम्बर की रात को अपने दोस्त के साथ घर के बाहर पटाखे चला रहा था। तभी पार्षद अक्षय डागला के आदमी आये और उसे जबरदस्ती मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले गए। पार्षद अक्षय तथा वहां मौजूद अन्य लोग शराब पी रहे थे और नशे में थे। उसे लेकर गए युवकों ने उसको पकड़ लिया और पार्षद अक्षय ने रॉड से पीटना शुरू कर दिया। ये लोग उसे करीब दो घंटे तक रूक -रूककर पीटते रहे और प्राइवेट पार्ट में रॉड से चोट पहुंचाई। वह दर्द से चिल्लाने लगा तो उन्होंने छोड़ दिया। वह रोता हुआ, दर्द से कराहता हुआ पैर घसीटते हुए जैसे-तैसे घर पहुंचा। इसके बाद सारी बात घर पर बताई और फिर थाने पहुंचे। श्रीगंगानगर के जवाहर नगर थाने के हिस्ट्रीशीटर व कांग्रेस पार्टी में आस्था रखने वाले इंदिरा कॉलोनी निवासी कालिया लट्ठू उर्फ मुरारीलाल डागला पुत्र कानाराम, उसके बेटों-इशु डागला व अभिषेक डागला, भुट्टो पुत्र मोहम्मद हसन तथा एक अन्य ने जिला अस्पताल से एक किशोर का अपहरण कर लिया। वारदात दो नवम्बर दोपहर की है।

आरोपी किशोर तथा उसकी मां को अपनी कार में बैठाकर शहर में घुमाते रहे। वे इस किशोर तथा उसकी मां को अपने बेटे पार्षद अक्षय डागला के खिलाफ जवाहर नगर थाने में दर्ज करवाए गए पोक्सो एक्ट के मुकदमे में राजीनामा करने को दबाव बना रहे थे। अपनी जान बचाने को पीड़ित किशोर तथा उसकी मां ने राजीनामा की हां भर दी। तब ये चारों इनको कार में बैठाकर जवाहर नगर थाने पहुंच गए।

बेसहारों के सहारा बने डेरा श्रद्धालु

तारानगर (निसं)। डेरा सच्चा सौदा के वर्तमान गद्दीनशीन पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा द्वारा चलाये जा रहे 167 मानवता भलाई कार्यों के तहत एवं उनकी पावन प्रेरणा पर चलते हुए तारानगर व राजपूरा ब्लॉक की साध संगत ने डेरा सच्चा सौदा के संस्थापक बेपरवाह शाह मस्ताना जी महाराज के पावन अवतार माह के शुभ अवसर पर क्षेत्र के भाग्य श्री अनाथ आश्रम मैं रह रहे लाचार, बेसहारा व अनाथ लोगों के लिए उनके काम आने वाली जरूरत की वस्तुएं भेंट की। तारानगर मानवता भलाई केंद्र प्रबंधक कमेटी सदस्य प्रभुदयाल इंसा व राजवीर इंसा ने बताया कि पूज्य गुरूजी की प्रेरणा से हम तारानगर व राजपूरा ब्लॉक के सेवादारों ने मिलकर आश्रम मैं रह रहे सभी बे सहारा लोगों कों चारपाई, गर्म पकड़े, चप्पल व फल भेंट दिए है। अनाथ आश्रम के संचालक सुभाष पूनियाँ व उनकी टीम ने पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा धन्य है ऐसे गुरूजी जिनकी शिक्षा पर चलते हुए आज कलयुग मैं उनके सेवादार मानवता की सेवा मैं जी जान से लगे हुए है। ज्ञात रहे कि सुभाष पूनियाँ स्वयं दोनों पैरों से विकलांग है।

सवा किलो गांजा व हेरोइन सहित दो गिरफ्तार

हनुमानगढ़, (कासं)। जिला पुलिस की नशीले एवं मादक पदार्थों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अनवरत जारी है। इस क्रम में जिला विशेष टीम की सूचना पर हनुमानगढ़ जंक्शन एवं नोहर थाना पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई में 1 किलो 253 ग्राम गांजा, 11 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) एवं 65 हजार 220 रूपए की ब्रिकी राशि बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक अरशद अली की ओर से जिले में अवैध मादक पदार्थों, नशा तस्करी, जुआ, सट्टा, क्रिकेट बुक्की व अवैध धंधों की रोकथाम के लिए जीरो टोलरेंस अभियान की अपने-अपने क्षेत्राधिकार में सख्ती से पालना करवाए जाने के लिए सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए। इसी क्रम में जिला विशेष टीम की सूचना पर हनुमानगढ़ जंक्शन पुलिस थाना के एसआई मोहरसिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने बाइपास रोड स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास कार्रवाई करते हुए अशोक कुमार (36) पुत्र तरसेम लाल सोनी निवासी वार्ड 53, सेठ हंसराज स्कूल के पास, सुरेशिया, हनुमानगढ़ जंक्शन के कब्जे से 1.253 किलोग्राम गांजा तथा 65 हजार 220 रूपए की बिक्री राशि बरामद कर गिरफ्तार किया।

- 11 ग्राम हेरोइन व 65 हजार रूपए ब्रिकी राशि बरामद

अनुसंधान टाउन पुलिस थाना के एसआई रणवीर सिंह कर रहे हैं। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में एसआई मोहरसिंह, हैड कांस्टेबल प्रेम कुमार, कांस्टेबल कप्तान सिंह, चेतनराम व जगननाथ शामिल थे। इस कार्रवाई में जिला विशेष टीम सैक्टर हनुमानगढ़ की विशेष भूमिका रही। नोहर थाना पुलिस ने बाइक सवार युवक के कब्जे से 11 ग्राम चिट्टा बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। नोहर पुलिस थाना के कार्यवाहक प्रभारी एसआई विजेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने बाइक सवार मुगले आजम पुत्र आमीन खान निवासी वार्ड 12, जोगी आसन मोहल्ला नोहर को 11 ग्राम हेरोइन सहित गिफ्तार किया।

जहर से मुक्ति आंदोलन, 9 को जिला बंद की घोषणा

श्रीगंगानगर, (कासं)। जहर से मुक्ति आंदोलन के बैनर तले 9 नवम्बर को जिला बंद किया जायेगा।

ट्रेडर्स एसोसिएशन हॉल में विभिन्न संगठनों ने बैठक कर जिला बंद को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की तथा आमजन से आंदोलन में शामिल होने का आव्हान किया। जहर से मुक्ति आंदोलन के तत्वावधान में 9 नवम्बर को घोषित जिला बंद को सफल बनाने को लेकर नई धानमंडी स्थित ट्रेडर्स एसोसिएशन भवन में विभिन्न संगठनों की संयुक्त बैठक हुई।

इसमें जहर से मुक्ति आंदोलन के संयोजक मनिंदर सिंह मान, माकपा के रविंद्र तरखान ने उपस्थित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए बताया कि पंजाब से नहरों में केमिकल युक्त जहरीला पानी आ रहा है। इसी पानी को हम पेयजल के रूप में उपयोग में लेते हैं। इससे कैंसर व पेट की बीमारियां फैल रही है। इसके साथ ही जिले में मेडिकल व केमिकल नशे का कारोबार लगातार बढ़ रहा है और युवा चपेट में आ रहे हैं। इसके साथ ही खाद्य पदार्थों में मिलावट पर भी अंकुश नहीं लगाया जा रहा है। जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ सैंपल लेने की बात कहकर आमजन को गुमराह कर रहे हैं। जिला बंद के दौरान 9 नवबर को जिले की सभी मंडियों में विभिन्न संगठनों की संयुक्त बैठक होगी।

सोने-चांदी के आभूषण चोरी

श्रीगंगानगर, (कासं)। अनूपगढ़ जिले में रायसिंहनगर के वार्ड चार में देर रात चोरों ने सूने मकान में चोरी की।

वारदात के समय मकान मालिक खाटू श्याम दर्शन के लिए गए हुए थे। वे सुबह चार बजे लौटे तो उन्हें वारदात का पता लगा। इस पर मकान मालिक ने आसपास के लोगों को जानकारी दी और सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

सीसीटीवी फुटेज में रात दो बजे दो नकाबपोश युवक मकान की तरफ आते दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में आशंका है कि इन दोनों ने ही चोरी की। मकान मालिक श्यामलाल ने बताया कि वह वार्ड चार में किराए के मकान में रहता है। वह दो नवंबर को परिवार सहित खाटू श्याम दर्शन के लिए गया था।

एम.एस.पी. पर 14 दिन में मूंग की 2 हजार क्विंटल ही खरीद

श्रीगंगानगर, (कासं)। सरकार को मूंग बेचने के लिए अब तक 9945 किसान रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। सरकार ने 21 अक्टूबर से खरीद भी शुरू कर दी, लेकिन अब तक 14 दिन में सरकार ने सिर्फ 2000 क्विंटल मूंग की ही खरीद की है।

मूंग खरीद की रफ्तार धीमी होने के कारण किसानों में आक्रोश है। किसानों का आरोप है कि खरीद केन्द्रों पर मूंग की क्वालिटी खराब होने के बात कहकर उन्हें वापस लौटाया जा रहा है। मूंग खरीद एजेंसी राजफैड की ओर से किसानों के रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए 15 अक्टूबर से पोर्टल ओपन किया गया। सरकार को मूंग बेचने के लिए श्रीगंगानगर जिले में 4051, अनूपगढ़ में 3411 व हनुमानगढ़ जिले में 2483 किसान ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। सरकार ने बकायदा 21 अक्टूबर से तीनों जिलों के सभी 54 केन्द्र भी खरीद के लिए ओपन कर दिए। लेकिन अब तक 14 दिन बीत चुके हैं तथा सिर्फ कुछ ही केन्द्रों पर खरीद हुई है। अब तक तीनों जिलों में सिर्फ 2000 क्विंटल मूंग की एमएसपी पर खरीद हो पाई है। किसानों का आरोप है कि खरीद केन्द्रों पर मूंग की क्वालिटी खराब होने की बात कहकर वापस लौटाया जा रहा है।

- खरीद केन्द्रों पर मूंग की क्वालिटी खराब होने की बात कहकर वापस लौटाया जा रहा है

वहीं खरीद एजेंसी के अधिकारियों का कहना है कि अभी बहुत कम किसान सरकार को मूंग बेचने के लिए खरीद केन्द्रों पर लेकर आ रहे हैं।

खूमराज पंवार ने अपनी आत्म कथा में अनछुए पहलु भी लिखे: राजेन्द्र जोशी

बीकानेर, (कासं)। सखा संगम बीकानेर के तत्वावधान में प्रख्यात समाजसेवी एवं राजनैतिक कार्यकर्ता खूमराज पंवार की आत्मकथा का लोकार्पण सोमवार को भैरू निवास में किया गया।

लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी थे। समारोह की अध्यक्षता सखा संगम के अध्यक्ष एन. डी. रंगा ने की तथा विशिष्ट अतिथि साहित्यकार राजाराम स्वर्णकार रहे। प्रारंभ में शिक्षाविद भगवान दास पडिहार ने स्वागत उद्बोधन देते हुए खूमराज पंवार के व्यक्तित्व-कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि राजेन्द्र जोशी ने कहा कि खूमराज पंवार का जीवन सदैव समाज के लोगों के बीच उनके कल्याण में व्यतीत हुआ है। और वह आज भी सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखते है।

प्रख्यात समाजसेवी एवं राजनैतिक कार्यकर्ता खूमराज पंवार की आत्मकथा का लोकार्पण वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र जोशी ने किया।

जोशी ने कहा कि खूमराज पंवार किसी परिचय के मोहताज नहीं है, वे राजनैतिक कार्यकर्ता के रूप में सदैव सिद्धांतों की राजनीति किया करते थे। उन्होंने अपनी आत्मकथा में उन सारी चीजों को भी सम्मिलित किया है जो अक्सर आत्मकथा लिखने वाले लोग छुपाए रखते हैं। किया करते तो उन्होंने कहा कि आत्मकथा लिखने में पंवार ने ईमानदारी का परिचय दिया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एन.डी. रंगा ने कहा कि खूमराज पंवार मित्रों के मित्र हैं और वे क्रीड़ांचल पत्रिका के सहयोगी रहते हुए दोस्ती निभाने में सदैव अग्रणी भूमिका में रहते थे। विशिष्ट अतिथि राजाराम स्वर्णकार ने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता, राजनैतिक कार्यकर्ता एवं पारिवारिक जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते हुए आत्मकथा लिखने का महत्वपूर्ण कार्य खूमराज पंवार ने किया है जिसकी प्रशंसा होनी चाहिए।

- आत्मकथा लिखने में खूमराज पंवार ने ईमानदारी का परिचय दिया, छिपाने वाले पहलु भी लिखे

इस अवसर पर खूमराज पंवार ने अपने जीवन के अनछुए पहलुओं को विस्तार से बताते हुए कहा कि उनका जीवन दोस्तों के कारण आनंदित हो गया और वही कथ्य मैंने आत्मकथा में लिखने का प्रयास किया है। कार्यक्रम का संचालन इंद्र नारायण छंगाणी ने किया।

श्री छठ पूजा समिति का दंगल, पहलवानों ने दिखाया दमखम

हनुमानगढ़, (कासं)। टाउन की मिथिला सेवा समिति की ओर से छठ पूजा महोत्सव की तैयारियां चरम पर है। इसके चलते नगर परिषद व मिथिला सेवा समिति द्वारा नहर की साफ-सफाई का कार्य किया गया।

रविवार को कोहला नहर पर सफाई व्यवस्था का जायजा समिति के सदस्यों के साथ नगर परिषद के अधिकारियों ने लिया। नहर के अंदर जेसीबी से सफाई करवाई गई। इस मौके पर अध्यक्ष बलदेवदास, सचिव अमित मिश्रा, कोषाध्यक्ष रामबाबू, सदस्य प्रमोद यादव, अशोक गौतम, दिलखुश मंडल, श्यामदास, कमलेश यादव, बहरू ठाकुर, संदीप महतो, शिवचंद यादव, श्याम, दीपक, अमर, अजय, देवकीनंदन चौधरी, मनोज आदि मौजूद थे।

हनुमानगढ़ छठ पूजा महोत्सव से पहले श्रीछठ पूजा समिति की ओर से नशा मुक्त हनुमानगढ़ के तहत जंक्शन में चुंगी नंबर 8 पर दंगल-2024 का आयोजन करवाया गया। समिति की ओर से लगातार चौथे साल करवाए गए दंगल का शुभारंभ विधायक गणेशराज बंसल, सभापति सुमित रणवा, पूर्व उपसभापति नगीना बाई, संरक्षक रामपाल जाटव, राकेशराय, नागेंद्र प्रताप सिंह, ओमप्रकाश, संयोजक गुरदेव सिंह, कुश्ती संघ जिलाध्यक्ष यादवेंद्र सिंह, बलराम, भूपेंद्र, टाउन समिति अध्यक्ष राजेश, जंक्शन समिति अध्यक्ष राजगीर व सरपंच बलदेव सिंह ने किया। दंगल में कई जगहों से आए पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। कुश्ती देखने के लिए महिला, पुरूषों, बच्चों और बुजुर्गों की भीड़ उमड़ पड़ी। दंगल में शामिल पहलवानों ने कई दाव दिखाकर दर्शकों का मन मोह लिया।

- नगर परिषद व मिथिला सेवा समिति द्वारा नहर की साफ-सफाई की गई

कुश्ती के दौरान मैदान तालियों की गडगड़ाहट से गूंजता रहा। कुश्ती में राजस्थान समेत हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, उत्तर प्रदेश से पहलवान आए। कुश्ती में अच्छा प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर विधायक ने युवाओं को नशे से दूर रहने की सीख दी। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी नशा छोड़ खेलों के प्रति रूझान करें। पार्षद नगीना बाई ने कहा कि युवा वर्ग नशे का त्याग कर खेलों में भाग लेवें।

उन्होंने कहा कि पहलवानी भारत की प्राचीन विधा है। सरपंच बलदेव सिंह ने कहा कि राजस्थान का नाम कई पहलवानों ने रोशन किया है। युवाओं को ऐसे खिलाड़ियों से प्रेरणा लेनी चाहिए। संरक्षक रामपाल जाटव ने कहा कि नशा समाज के लिए अभिशाप है। नशे से दूर रहकर समाज को तरक्की की ओर ले जाया जा सकता है। आयोजकों ने बताया कि 5 नवम्बर से नहाय खाय के साथ चार दिवसीय छठ महोत्सव का शुभारंभ होगा। छह नवम्बर को खरना होगा। सात नवम्बर को जागरण व सायं कालीन अर्घ्य का कार्यक्रम होगा।